दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)
रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001
Email: exam@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone & Fax 0788-2359300

क्रमांक 254/परीक्षा/2017 दुर्ग, दिनांक 10.03.2017

//अधिसूचना//

प्रति,

प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र,
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– वार्षिक परीक्षा 2017 के संबंधित परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र एवं उपस्थिति पत्रक विश्वविद्यालय ऑनलाईन पोर्टल से महाविद्यालयों के डाटा प्रिंट करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रानुसार लेख है कि विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा 2017 के परीक्षार्थियों द्वारा जमा किये गए ऑनलाईन फार्म के परीक्षा एवं ऑनलाईन अग्रेषण आपके द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाइट **www.durguniversity.in** द्वारा **पूर्व प्रेषित यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड** द्वारा किया गया है। ज्ञातव्य हो कि मेनुअल रूप में आपको प्रवेश पत्र एवं उपस्थिति पत्रक विश्वविद्यालय द्वारा नहीं भेजा जावेगा। अतएव पूर्व प्रेषित उपरोक्त पासवर्ड एवं यूजर आईडी का प्रयोग करते हुए **www.durguniversity.in** के admin Panel पर लॉगइन कर ऑनलाईन द्वारा सभी संबंधित महाविद्यालय अपने संबंधित परीक्षार्थियों के लिए उपस्थिति पत्रक निकालकर प्रिंट करें तथा उसका भलिभांति परीक्षण कर यदि उसमें स्पेलिंग अथवा किसी प्रश्नपत्र में कोई त्रुटि हो या महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के नाम में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उसमें सुधार कर प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर एवं सील लगाकर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।

परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.durguniversity.in** से डाउनलोड करने का निर्देश दें। छात्र द्वारा यदि किसी त्रुटि से अवगत कराया जाता है तो त्रुटि संशोधन प्रवेशपत्र/उपस्थिति पत्रक में करके छायाप्रति विश्वविद्यालय को यथाशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें। परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरते समय प्रयोग किए गये यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का प्रयोग करेंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क्र. 255/परीक्षा/2017 दुर्ग, दिनांक 10.03.2017

प्रतिलिपिः–

1. उपकुलसचिव, गोपनीय, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग।
2. संचालक, लर्निंग स्पायरल डाटा सेंटर को इस निर्देश के साथ कि तत्संबंधी आवश्यक प्रक्रिया संबंधित महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों के लिए करें, ताकि वे विश्वविद्यालय के उक्त अधिकृत वेबसाईट से संबंधित महाविद्यालयों द्वारा अपने प्रवेश पत्र एवं संबंधित परीक्षा केन्द्रों द्वारा अपने लिए उपस्थिति पत्रक निकाल सकें।
3. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)